हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

तिथि 05 अगस्त 2025 समय 1810

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है की निरंतर सुधारों और किसान केंद्रित पहलों से कृषि क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों ने सशत्र बलों की भूमिका की सराहना करते हुए , ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय दिल्ली द्वारा पलवल में पासपोर्ट सेवा घर बैठे उपलब्ध करवाने के लिए पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा शुरू की ।

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा है कि पलवल में 35 -50 करोड़ रूपए की लागत से सडककों का निर्माण किया जायेगा।

हरियाणा की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा " आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जान आरोग्य योजना " के तहत पैनल बद्धः अस्पतालों का भुगतान शुरू किया गया।

*********************************************************************************

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि निरंतर सुधारों और किसान-केंद्रित पहलों से कृषि क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखे गए एक लेख को साझा करते हुए, आज श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ये सुधार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

श्री चौहान ने अपने लेख में कहा है कि कृषि न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि एक आत्मनिर्भर और मजबूत भारत की नींव भी है। उन्होंने आगे कहा कि कृषि लाखों लोगों की आजीविका का आधार है।

**************************************************************************

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए संसदीय दल की बैठक में आज सांसदों ने सशस्त्र बलों की भूमिका और उनके अडिग समर्थन की सराहना करते हुए ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ऑपरेशन की सफलता पर सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव भी पारित किया।

आज सुबह नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और एनडीए के अन्य सांसद शामिल हुए। एनडीए संसदीय दल के प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असाधारण नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा गया कि उनके अटूट संकल्प, दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ता ने सभी भारतीयों के हृदय में एकता और गर्व की भावना को पुन: जागृत किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बैठक में पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रक्षा क्षेत्र में शुरू की गई सुधारों की श्रृंखला का भी जिक्र किया गया। ये सुधार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक साबित हुए। प्रस्ताव में कहा गया कि एनडीए सरकार मजबूत, विकसित और शांतिपूर्ण विकसित भारत के निर्माण के लिए अथक प्रयास कर रही है।

**********************************************************************

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय दिल्ली द्वारा पलवल व नजदीकी जिलों के आवेदकों को पासपोर्ट सेवा घर बैठे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज पलवल में पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा शुरू की गई।

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बी जे पी के जिला अध्यक्ष विपिन बैसला,जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ और उप पासपोर्ट अधिकारी मुकेश कुमार वर्मा मौजूद रहे ।

इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा –

उप पासपोर्ट अधिकारी मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस सेवा का संचालन जिला सचिवालय परिसर से किया जाएगा और यह सेवा तीन सप्ताह के लिए उपलब्ध रहेगी।

***********************************************************************

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा है कि पलवल में रेलवे लाइन पार इलाकें में 35 से 50 करोड़ रूपए की लागत से सडक़ों का निर्माण किया जाएगा। वे आज पलवल में जिला सचिवालय के सभागार में विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा पलवल

जिले के लिए जो घोषणाएं  की गई,उसकों लेकर अधिकारियों की बैठक ली गई है। पलवल शहर को बारिश के पानी से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए है।

श्री गौरव गौतम ने कहा –

उन्होंने कहा कि मानूसन के बाद पलवल शहर की जर्जर सडक़ों को बेहतर बनाया जाएगा।पलवल अलीगढ रोड पर जल निकासी के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे ।

**************************************************************************

हरियाणा की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी -एसएचए  ने कहा है कि राज्य सरकार से कल 4 अगस्त को बजट मिलने के बाद पैनलबद्ध अस्पतालों को "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर "आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" के तहत बकाया पैसे का भुगतान शुरू कर दिया गया है।

एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय चिकित्सा संघ -आईएमए) द्वारा 28 जुलाई, 2025 को एक पत्र जारी किया गया था जिसमें "आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना"  के बकाया भुगतानों का हवाला देते हुए 7 अगस्त से इस योजना के तहत सेवाओं को रोकने की बात कही गई थी। इस संदर्भ में, एसएचए  ने कहा है कि पैनलबद्ध अस्पतालों का भुगतान करना शुरू हो गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने मई 2025 के पहले सप्ताह तक पैनलबद्ध अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत दावों का निपटान और भुगतान कर दिया है। योजना की शुरुआत से अब तक अस्पतालों को कुल 2,900 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, 16 जुलाई तक राज्य और केंद्र सरकारों से 240 करोड़ 63 लाख रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है और पात्र दावों के निपटान के लिए इसका पूर्ण उपयोग किया जा चुका है।

**************************************************************************

हरियाणा सरस्वती विरासत बोर्ड तथा गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बीच पंचकूला स्थित बोर्ड के कार्यालय में आज महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत सरस्वती नदी और संस्कृति की जानकारी लोगों को दी जाएगी।

बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमिच ने बताया –

****************************************************************************

अंबाला छावनी में आज भारत संचार निगम लिमिटेड -बीएसएनएल के दूरसंचार प्रधान महाप्रबंधक के बी मीना ने आज कहा कि तेजी से बीएसएनएल के नेटवर्क को और अधिक मजबूत किया जा रहा है।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है।

श्री मीना ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को भी आनलाइन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बीएसएनएल ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नए उपभोक्ताओं के लिए एक विशेष 'फ्रीडम प्लान' पेश किया है जिसमें उपभोक्ता हाल ही में शुरू हुई बीएसएनएल 4जी सेवाओं का मात्र एक रुपए में एक महीने तक अनुभव ले सकेंगे। इस प्लान के अंतर्गत ग्राहकों को मुफ्त सिम उपलब्ध करायाजा रहा है, जिसमें उपभोक्ता एक महीने तक प्रतिदिन 2 जीबी डेटा व अनलिमिटेड कॉलिंग मिलेगी। यह ऑफर 1 से 31 अगस्त तक उपलब्ध रहेगा।

****************************************************************************